सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-514
20/11/2016

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के कानपुर के पुखरायां के पास इंदौर–पटना एक्सप्रेस रेल दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया,
दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है

पटना, 20 नवम्बर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उत्तर प्रदेश के कानुपर के पास पुखरायां में हुये इंदौर–पटना एक्सप्रेस रेल दुर्घटना को दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है एवं दुख की इस घड़ी में मृतक के शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायल हुये लोगों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की भी ईश्वर से कामना की है।

******